प्रभात खबर
20-03-2026

स्वच्छता में बिहार तीसरे स्थान पर : विजयलक्ष्मी

पटना. राज्य में सतत एवं समावेशी विकास को गति देने के लिए सरकारी योजनाओं का सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ समन्वय अनिवार्य है. योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने फुलवारीशरीफ में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित किया. उन्होंने बताया कि स्वच्छ जल और स्वच्छता के क्षेत्र में 98 अंक प्राप्त कर बिहार ने देश में तीसरा स्थान हासिल किया है. वहीं , बहुआयामी गरीबी में कमी लाते हुए करीब 2.25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है. उन्होंने बताया कि आर्थिक मोर्चे पर भी राज्य ने मजबूत प्रदर्शन किया है. वर्ष 2024-25 में बिहार की जीएसडीपी वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है. प्रति व्यक्ति आय में भी निरंतर वृद्धि दर्ज की गयी है, जो आर्थिक सशक्तीकरण का संकेत है. डॉ विजयलक्ष्मी ने बताया कि बिहार सरकार ने वर्ष 2017 में एसडीजी विजन दस्तावेज तैयार कर सभी विभागों की योजनाओं को वैश्विक लक्ष्यों से जोड़ा है. इसके तहत राज्य स्तर पर 334 संकेतकों का व्यापक ढांचा विकसित किया गया है. जिसके माध्यम से योजनाओं की नियमित निगरानी और मूल्यांकन किया जा रहा है.